people without waiting for requisition or permission from any Government.

On behalf of flood affected people of Adilabad District and other affected districts, I request the Government of India to send teams to all the flood affected States to help the affected people by taking all necessary measures.

(xii) Need for immediate flood relief operation in Karimnagar (Andhra Pradesh)

SHRI M. SATYANARAYANA RAO (Karimnagar) : There was unprecedented heavy rain and flood in my Parliamentary constituency and District Karimnagar in Andhra Pradesh on 9th, 10th and IIth of August. Due to this, there was substantial loss of human life and damage to public and private property. Nearly fifty thousand families were rendered homeless and about fifty lives were lost due to drowning and house collapse in the wake of floods. This was the first time in the history of Karimnagar district that such a colossal loss occurred. About two thousand cattle were washed away and over ten thousand sheep and other live stock perished in floods. Almost all the irrigation tanks were either breached and Panchayat Samithi and Zila Parishad roads were completely damaged. About fifteen thousand houses were completely destroyed and about 20 thousand houses were partially destroyed. About fifty thousand acres of wet and two lakh acres of dry crops were completely damaged. About one thousand oil engines and pump sets along with meters were washed away and the wells were completely silted up. All loss put together is estimated to be fifty crore rupees.

Relief operations in area affected by floods should be undertaken immediately. Particularly food supplies should be sent to marooned areas. Adequate financial assistance should be given by the Central Government for relief operations. Central teams should be sent to the flood affected areas in the districts to assess the losses caused to the crops and other properties.

(xiii) Need for ensuring full implementation of the Agrarian Reforms Laws

SHRI BHOGENDRA JHA (Madhubani) : There is a steady setback on the issue of Agrarian Reforms. Land ceiling laws are not being seriously implemented even in centrally administered States and Union Territories. Worse is the case with the implementation of tenancy laws. Community laws are being encroached upon by the rural rich. Provisions of money-lending laws are being violated in every village and town of the country with regard to the rates of interest, etc. Debt cancellation laws are simply on paper. The Bihar Land Reforms (Amendment) Bill, 1982, seeking to restore intermediary (Zamindari) rights to the Tatas is awaiting the President's assent which will turn thousands of house, land and factory owners of Jamshedpur into sub-tenants of the Tatas with retrospective effect since 1950. I do hereby draw the attention of the Government to ensure refusal of the President's assent to this Bill and ensure full implementation of agrarian reforms.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The House stands adjourned lill 2.20 P.M.

13.25 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till twentyfive minutes past Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at thirtyone minutes past Fourteen of the Clock.

[SHRI SOMNATH CHATTERJEE *in the Chair*]

COPYRIGHT (AMENDMENT) BILL—*CONTD.*

MR CHAIRMAN : We will now take up further consideration of the motion to amend the Copyright Act, 1957.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : सभापति महोदय, मैं कापीराइट (एमेंडमेंट) बिल, 1957 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

सबसे पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि माननीय मंत्री महोदया जो यह बिल लाई हैं,

यह एक प्रशंसनीय कार्य इन्होंने किया है हालांकि इसमें देरी बहुत हुई है। सन् 1971 में जब इसके सम्बन्ध में निर्णय ले लिया गया था कि इस प्रकार का बिल जल्दी लाया जाए, जिसमें लेखकों और साहित्यकारों का जो शोषण हो रहा है, उससे उनको बचाया जाए, तो यह बिल जल्दी आना चाहिए था लेकिन देरी से आने के बाद इसमें जो इस प्रकार की व्यवस्था की गई है, उससे उनको काफी राहत मिलेगी।

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि आजकल हमारे देश में जिस प्रकार से कला-कृतियों, चित्रों और मूर्तियों तथा अन्य प्रकार की दूसरी ऐसी चीजों को चोरी करके विदेशों में भेजा जा रहा है, इस बिल में इस प्रकार का कोई प्रावधान नहीं है कि ऐसे लोगों के खिलाफ, जो हमारी संस्कृति, सभ्यता और हमारे देश की प्राचीन कला-कृतियों को इस प्रकार से खत्म करने की कोशिश में लगे हुए हैं, जो हमारी संस्कृति को बहुत क्षति पहुंचा रहे हैं, उनको बहुत कड़ी सज़ा मिलेगी। आपने सुना होगा कि हमारे राजस्थान में जितने राजा-महाराजा हुए हैं, उनके पास बहुत पुरानी कला-कृतियां इस प्रकार की हैं, उनके पास किताबें भी हैं धार्मिक किताबें भी हैं और अन्य प्रकार की पुराने लेखकों की पांडुलिपियां भी वहां पर उपलब्ध हैं।

इस प्रकार की पुरानी कला-कृतियों को जो हमारी संस्कृति के विरोधी लोग है और ऐसे लोग हैं जिनकी नीयत खराब है, वे ही इस सारी व्यवस्था में गड़बड पैदा करने में लगे हुए हैं। कुछ वर्ष पहले हमारे यहां बहुत कीमती मूर्तियों को विदेशों में बेचा गया था और उनके सम्बन्ध में कहीं पर पता नहीं चला कि उनको कहां पर बेचा गया। हमारे जो मन्दिर हैं, उनमें लाखों-करोड़ों रुपये की पुरानी कला-कृतियां हैं और हमारे देवी-देवताओं की मूर्तियां हैं, जोकि अष्ठ-धातु की बनी हुई हैं और जिनकी कीमत अपार है। इस प्रकार की कला-कृतियों को लोग विदेशों में ले जाकर बेच देते हैं। मेरी समझ में इस प्रकार की कोई माकूल व्यवस्था इस कानून के अन्दर होनी चाहिए थी मगर इस सम्बन्ध में कोई भी लाज इसमें नहीं रखा गया है, जिससे इन चीज़ों को रोका जा सके। ऐसी व्यवस्था निश्चित तरीके से होनी चाहिए।

दूसरा मेरा निवेदन यह है कि यहां पर बहुत से गिरोह बने हुए हैं जैसे कि स्मगलिंग करने वालों का एक गिरोह है। इसी प्रकार से इन कला-कृतियों की चोरी करने वाला भी एक गिरोह है जोकि हमारे यहां की सभ्यता, संस्कृति और कला-कृतियों को चुराता है और चुराकर विदेशों में बेचता है। इस प्रकार के लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए कोई प्रावधान मंत्री महोदया ने इस बिल में नहीं किया है, जिससे हमारी जो संस्कृति नष्ट हो रही है, जो हमारी पुरानी सभ्यता नष्ट हो रही है, वह नष्ट होने से बच सके और हमारी जो आगे वाली सन्तान है उसको कैसे इस का पता चलेगा कि हिन्दुस्तान में इस प्रकार की भव्य संस्कृति किसी समय थी। इसके सम्बबन्ध में बच्चों को जानकारी मिले। इन सारी चीज़ों को लोग-बाग खत्म कर रहे हैं जिनके सम्बन्ध में आपने किसी प्रकार का कोई प्रावधान नहीं किया है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अब भी समय है। अगर इस प्रकार का प्रावधान नहीं किया गया तो हमारी ऐसी चीजें और कलाकृतियां जो कि बच गई हैं वे भी नहीं बच सकेंगी।

शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मन्त्रालयों की राज्य मन्त्री (श्रीमती शीला कौल) : यह तो आरकेलोजिकल सर्वे आफ इंडिया करता है।

श्री गिरधारी लाल व्यास : वह क्या करता है, इसको हम सब जानते हैं। हमने उड़ीसा में जगन्नाथपुरी के मन्दिर को देखा है। उसकी वह मेंटीनेंस कैसे कर रहा है, यह हमें उसे देखकर पता लगा। वहां की तमाम मूर्तियां नष्ट होती जा रही है। आपका डिपार्टमेंट उनको मेंटेन करने का काम नहीं कर रहा है।

श्रीमती शीला कौल : मैंने भी उसे देखा है। It is in very good condition, Sir, and well maintained.

श्री गिरधारी लाल व्यास : एस्टीमेट्स कमेटी ने भी उसे देखा है। भुवनेश्वर में भी मन्दिर हैं, उनको भी हमने देखा है और यह भी देखा है कि आपका आरकेलोजिकल डिपार्टमेंट उन्हें कैसे मेन्टेन कर रहा है।

MR. CHAIRMAN : Mr. Vyas has looked with different eyes.

श्री गिरधारी लाल व्यास : पुरी में जगन्नाथ जी का सबसे प्राचीन मन्दिर है और हिन्दुओं का वह सबसे पवित्र मन्दिर है। उसकी क्या व्यवस्था आपका डिपार्टमेंट कर रहा है ?

MR. CHAIRMAN : Mr. Vyas, this is a Bill to amend the Copyright Act. Please come to the Bill.

श्री गिरधारी लाल व्यास : ये उस डिपार्टमेंट की भी मिनिस्टर हैं। इन्हें चाहिए कि ये उसकी भी उचित व्यवस्था करें। वहां पर अच्छी व्यवस्था नहीं है।

इस कापीराईट के सम्बन्ध में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इंजीनियरिंग या मेडिकल की किताबें जो विदेशों के लेखक लिख रहे हैं और जो कि यहां छपती हैं वे बहुत ज्यादा दामों में यहाँ बिकती हैं। दो-दो सौ रुपये की एक किताब आती है। उन किताबों को गरीब बच्चा तो खरीद नहीं सकता है। आप कोई ऐसी व्यवस्था कीजिए जिससे कि गरीब बच्चे भी इंजीनियरिंग और मेडिकल की किताबें खरीद सकें और वे सस्ते दामों पर सभी को उपलब्ध हों। आप उनको सब्सीडाइज्ड करें ताकि सभी गरीब बच्चे खरीद सकें और अपनी पढ़ाई कर सकें।

पुस्तकों का जो अनुवाद किया जाता है, उसमें भी काफी गड़बड़ी होती है। यहां के प्रकाशक लोग उसमें बहुत गड़बड़ी करते हैं और जिसको करने का उनको अधिकार नहीं है उसको भी वे करके पुस्तकें छाप देते हैं। इसलिए बहुत सारी उल्टी-सीधी किताबें आपको देखने को मिलेंगी। जिस तरह की अनुवाद की हुई पुस्तकें उपलब्ध होनी चाहिएं वे नहीं हो रही हैं। इस सम्बन्ध में भी आप कुछ न कुछ उचित व्यवस्था कीजिए।

आप फिल्मस की बात को ले लीजिए। वीडो की जो फिल्मस आती हैं उनकी कैसी चोरी हो रही है। गन्दी से गन्दी फिल्म चोरी से यहां लाई जाती है। वे फिल्में यहां न आ सकें इसकी भी कानून में व्यवस्था कीजिए। ऐसी भी व्यवस्था कीजिए जिससे कि गन्दे से गन्दा साहित्य यहां न आ सके। उसकी भी व्यवस्था करना अत्यन्त आवश्यक है। जो लोग इस प्रकार का गलत काम करते हैं उनको सजा मिलनी चाहिए। इसकी भी कोई व्यवस्था आपको करनी चाहिए।

प्रकाशक और लेखक के बीच जो टसल है, उसके लिए आपने एक बोर्ड बना दिया है। लेकिन क्या एक बोर्ड सारी व्यवस्था ठीक कर सकेगा ? एक लेखक आदमी अपनी लेखनी के जरिये से जीविका चलता है, वह बड़े प्रकाशक के हाथ में पड़ जाता है।

प्रकाशक लेखकों का शोषण करते हैं, सारा धन स्वयं डकार जाते हैं, लेखकों को जितना मिलना चाहिए नहीं मिलता है। इस चीज को रोकने के लिए आपने क्या उपाय किया है, यह भी आपको देखना चाहिए था।

कुछ राजनीतिक दल हैं जो कम्युनल भावनाएं फैलाते हैं, उस प्रकार के साहित्य का प्रचार प्रसार करते हैं। यह देश के लिए बहुत घातक है। उस प्रकार के साहित्य को, किताबों के प्रकाशक को आप किस प्रकार रोकने जा रहे हैं, उसके लिए आपने क्या प्रावधान किया है, यह मैं आपसे जानना चाहता हूं। सांप्रदायिक भावनाएं फैलाने वाले लोग, गलत तसवीर पेश करने वाले लोग जो हमारे देश के सम्मान के खिलाफ बातें किसी भी किताब में लिखते हैं, इस चीज को रोकने के लिए आप क्या व्यवस्था करने जा रहे हैं, यह भी आप हमें बताएं।

बिल बहुत बढ़िया है। कुछ कदम तो आपने आगे बढ़ाया है, इसमें कोई शक नहीं है। अन्य बातें जो रह गई हैं जिनके लिए आपको और कदम

उठाने चाहिएं, उनके बारे में आपने क्या निश्चय किया है, यह भी आप हमें बताएं।

सभापति महोदय, आपकी स्टेट की एक बात कहकर मैं समाप्त करता हूं। वहां पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार है। जिस तरीके से सारी किताबों को, पाठ्यक्रमों को वह पलटने की कोशिश कर रही है, सारे साहित्य को शिक्षा के क्षेत्र में तबदील करने की कोशिश कर रही है, टैगोर जैसे लोगों की कलाकृतियों को नष्ट करने की कोशिश कर रही है और उसके स्थान पर अपना साहित्य लाने की कोशिश कर रही है, क्या उससे हमारी संस्कृति बचेगी, यह भी आपको सोचना चाहिए और इसके बारे में भी आपको कुछ व्यवस्था करनी चाहिए। बंगाल में बहुत गड़बड़ी इस प्रकार की हो रही है। इस सम्बन्ध में भी आपको कुछ न कुछ कदम उठाना चाहिए था ताकि पुरानी जो हमारी मान्यताएं हैं, हमारी संस्कृति के जो स्तम्भ हैं, टैगोर जैसों की कलाकृतियां हैं, वे नष्ट न हों, हमारी सभ्यता नष्ट न हो, हमारी संस्कृति नष्ट न हो।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा (कोडरमा) : इस विधेयक का मैं स्वागत करता हूं। इसको बारह साल के बाद लाया गया है। अन्तराष्ट्रीय समझौते होते हैं और उन समझौतों के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में मित्र देश आपस में अनुबन्ध करते है। कलाकारों, साहित्यकारों, नाट्यकारों या संगीतकारों द्वारा जो साहित्य सृजन किया जाता है, जिन कृतियों का सृजन किया जाता है, उनके बारे में जितना प्रावधान इस विधेयक में आपको करना चाहिए था आपने नहीं किया है। यह इसमें कमी है। आपको एक व्यापक विधेयक ले कर आना चाहिए था।

बान कनवैंशन 1947 में हुआ था। उसका उद्देश्य था प्रोटैक्शन आफ लिट्रेसी एंड आर्टिसटिक वर्क्स। फिर उसके बाद 1952 में ब्रसल्ज कनवैंशन हुआ, यूनिवर्सल कापीराइट कनवैंशन। उसके बाद हमारे देश में 1957 में कानून बना। यह चार पांच बरस बाद बना। उसी परम्परा को निभाते हुए बारह बरस के बाद पैरिस कनवैंशन हुआ और उस कनवैंशन में इस बात को स्वीकार किया गया कि अन्तराष्ट्रीय क्षेत्र में मित्र देशों में एक दूसरे देश के साहित्य का आदान प्रदान होना चाहिए, विश्वविद्यालयों के लिए महाविद्यालयों के लिए, शिक्षण संस्थाओं के लिए किताबों की जो जरूरत होती है उसको पूरा किया जाना चाहिए। यह सही बात है कि विकासशील देशों को विकसित देशों की जो प्रोद्योगिकी सम्बन्धी पुस्तकें होती हैं, उनकी आवश्यकता पड़ती है।

वैज्ञानिक पुस्तकें हैं, साहित्य संम्बन्धी पुस्तकें हैं और ग्रन्थ है उनका अनुवाद अनिवार्य हो जाता है और भाषान्तर करके फिर पुर्नउत्पादित करने के लिए प्रावधान है। मंत्री जी ने जो प्रावधान किया है इससे ज्यादा से ज्यादा लाभ विदेशी साहित्यकारों को ही होगा। लेकिन भारतीय साहित्यकारों, संगीतकारों, नाट्यकारों या अन्य कलाकृतियों के निर्माताओं का जो भयंकर शोषण हो रहा है उसको रोकने का प्रावधान नहीं है। इसमें इसकी व्यवस्था करनी चहिए थी, जो नहीं है।

औचित्यपूर्ण रायल्टी का प्रावधान भी नहीं है। तीसरे ऐसी पुस्तकों के व्यापक बिक्री हेतु समाज की वर्तमान क्रयशक्ति के अनुसार सस्ता साहित्य प्रकाशित कराकर, अनुदित कराकर, अन्तर्राज्यीय साधनाओं में लगे चिन्तकों, सृजकों एवं संगीत रचनाकारों की जीविका चलाने की व्यवस्था का भी कोई प्रावधान नहीं है। अश्लील एवं भोंडे साहित्य, उपन्यास, नग्नताजन्य कलाकृतियों पर पाबन्दी लगाने की व्यवस्था नहीं है। सत्साहित्यों के मुद्रणालय में भाषान्तर करने, पुनरुत्पादन करने की दिशा में तथा मुद्रित प्रतियों की संख्या के प्रतिवेदन प्राप्त करने तथा उचित रायल्टी साहित्य सृजकों को दिलाने का प्रबन्ध नहीं है। कापी राइट बोर्ड को किताबों के मूल्य निर्धारण करने की औचित्यता पर विचारार्थ सक्षम नहीं बनाया गया जिससे मनमाने ढंग से लागत का

अत्यधिक मूल्यांकन कर के सरकारी पुस्तकालयों, संस्थाओं का पोषण करने की प्रवृति बढ़ी है। साधारण आदमी किताबें नहीं खरीद सकता। इसलिये ऐसी महत्वपूर्ण पुस्तकें समाज के अधिक लोगों के लिये लाभप्रद सिद्ध नहीं हो पाती क्योंकि मूल्य इतना अधिक रखते हैं और प्रकाशकों और अन्य संबंधित अधिकारियों में तालमेल रहता है जिस कारण से केवल सरकारी पुस्तकालयों में ही वह किताबें रहती हैं। अतः मूल्य निर्धारण का भी इसमें प्रावधान होना चाहिये, जो कि अभी नहीं है।

भारतीय संस्कृति, कला, वेद वेदान्त, शास्त्र, गीता आदि भारतीय धरोहरों के अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं में भाषान्तर करने वाले प्रकाशकों से रायल्टी लेने वाले की व्यवस्था नहीं है। ऐसे साहित्य के लिये अगर देश के अन्दर साहित्य और संस्कृति निधि कर रखा जाय तथा उसके द्वारा जो रायल्टी मिले वह उस निधि को मिलनी चाहिये जिससे राष्ट्रीय संस्कृति और कला निधि के रूप में उसका विकास हो सके और साहित्य का सृजन हो सके। इसका प्रावधान होना चाहिये था, लेकिन वह भी नहीं है।

जो टाइम की पाबन्दी लगा दी गई है, यों तो कई मित्रों ने कहा 1 महीना रखना चाहिये क्योंकि जमाना प्रगतिशील है; लेकिन मेरा कहना है कि जो साहित्य है, वैज्ञानिकों ने जो अनुसंधान किया है वह शास्वत है, उसके लिये 2,3 वर्ष क्या वह तो पचासों साल तक चल सकता है। 5 या 10 वर्षों के उपरान्त लेखकों या साहित्यकारों, कलाकारों को सक्षम बनाने के लिये और यदि उनके साथ धोखाधड़ी का काम कोई प्रकाशक करता है तो वह दूसरे प्रकाशक को दे कर अधिक रायल्टी प्राप्त कर सकें ऐसा प्रावधान इस बिल में नहीं किया गया है, जिसका होना नितान्त आवश्यक है। अभी प्रकाशक क्या करते हैं कि 50,000 प्रतियां छापते हैं तो 5,000 ही बताते हैं।

इस तरह की धोखा-धड़ी करने वाले प्रकाशकों से लेखकों, साहित्यकारों और कलाकारों को बचाने के लिए पांच या दस बरस के बाद उन्हें फिर से कापीराइट मिल जाना चाहिए, ताकि वे अपनी कृति को किसी अन्य प्रकाशक को देकर अधिक रायल्टी प्राप्त कर सकें और पुन. संशोधित संस्करण छपवा कर फायदा उठा सकें।

गुमनाम साहित्यकारों के नाम से लाखों पुस्तकें छपती हैं। उन्हें लिखने वाले बहुत गरीब और निर्धन साहित्यकार होते हैं। उनकी रायल्टी को हज्म करने के लिए और उनका शोषण करने की मंशा से प्रकाशक दो चार हजार रुपए देकर उनकी कृतियों का कापीराइट ले लेते हैं और उन्हें दूसरे नामों से, या बोगस नामों से, प्रकाशित करते हैं। इस बारे में भी इस बिल में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

चोरी लेखन करने वाले प्रकाशकों, नकलची लेखकों और मूल विचार को तोड़-मरोड़ कर पाठकों तथा जनता के सामने रखने वालों की आपराधिक कार्यवाहियों को संज्ञेय अपराध घोषित करने की भी इस बिल में कोई व्यवस्था नहीं है।

फोटो-कैसेट, फोटो-फिल्मिग और माइक्रो-फिल्मिग के माध्यम से आज अवैध रूप से कैसेट-निर्माण और उनकी तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। यहां पर संगीत का रिकार्ड मार्केट में आने से पहले और फिल्म के प्रदर्शन से पहले ही हांगकांग, जापान आदि देशों में उनकी कापियां मिल जाती हैं, जिसके कारण राइटर या निर्माता का लाभ नहीं होता। सरकार ने इस बारे में भी कोई व्यवस्था नहीं की है।

इस बिल में यह भी नहीं बताया गया है कि किन किन भाषाओं और किन-किन देशों के साहित्य पर प्रतिलिप्याधिकार कानून, कापीराइट एक्ट, लागू होगा।

इस विधेयक में बहुत सी कमियां हैं, जिनकी ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए था। फिर भी इसे ठीक दिशा में एक कदम कहा जा सकता

है। 1957 में जो एक्ट बना, उसमें बहुत सी प्रशासकीय कमियां रह गई थीं। उन कमियों को दूर करने के लिए यह संशोधन लाया गया है, लेकिन इसे एक व्यापक और सर्वांगपूर्ण संशोधन नहीं कहा जा सकता। इससे लेखकों के हितों और जनहित की सुरक्षा की मंशा की पूर्ति नहीं होती है। इस दिशा में और कदम उठाने होंगे।

PROF. SAIFUDDIN SOZ (Baramulla) : Mr. Chairman, Sir, at the very outset, I must say that to bring forward this Bill is a very progressive step. As India was already committed at the Paris Conference and earlier also at the Universal Rights Convention at Geneva, I feel, it is a progressive step although a belated one. Particularly, I feel that the system of compulsory licence will certainly ensure that we will get good reading materials, translations and also original materials from abroad.

There is a hue and cry from certain publishing houses that it will hit Indian authors. But I feel that the quality of our production will improve and maybe that it will reduce the prices also because of competition. It is not necessary that the books that we import will be costlier.

Then, the institution of a copyright Board is a very important provision in the Bill. It will definitely ensure fair dispensation for authors. But it could be a comprehensive one.

I do not know whether it will meet the requirements. Authors have always suffered in this country and many of my colleagues have already spoken about this. I don't want to repeat. One or two provisions in this Bill could make the institution of this Copyright Board purposeful. For instance, there is no harm for the press and the printers to directly inform the author about the size of the printing order. That will ensure a particular amount of money that is required to be paid to the author. There is no harm in that. I do not know why it has not been indicated.

The publishers' enterprises are auditable. A copy of the audit report must be made available to the author. But the author at present is always in the dark. Whatever the gains of the project 99 per cent goes to the publishing house. 1 per cent may—I do not know whether I am correct to say—goes to authors. Authors do not get their due. But these two measures could certainly ensure proper payment to them. They must know the size of the print order and whenever there is audit, a copy of the audit report must go to them.

The Bill does not provide measures for piracy and the piracy in modern times has different forms like phonographic piracy, casette piracy and there is no provision in the Bill to check piracy and particularly in our neighbouring countries, there is large-scale piracy of the books produced in India and recently the Secretary-General of the Authors Guild has said that publishing houses in Pakistan indulge in large-scale piracy of the books produced in India. There is no provision in the Bill to check this.

I would also suggest that the books giving the gist or the notes—we call them Khulasa in Urdu—for the books produced by institutions like NCERT should also be bracketed under piracy. I have some knowledge of how fake authors and fake publishers indulge in producing these refresher course books and gist of the books produced by NCERT. The result is that students are not allowed to go through the original texts and they read 'one day series' and that affects the standard of learning in the country. I would suggest that so far as piracy is concerned, not only the actual piracy done through films, casettes etc., but production of 'one day series' or the gists of books, what is known in Hindustani, Khulasa, must be brought under the purview of the Bill and bracketed with the forms of piracy indulged in by various people because this kind of piracy adversely affects the standards of learning in the country.

Coming to page 5 of the Bill, I would seek a clarification from the Hon. Minister. While through licences we get literary works on drama etc., there is a provision "in any language" and general use in India "after a period of seven years from the first publication of the work" or "the translation of any such work which is not an Indian work is required for the purpose of teaching, scholarship or research". In the next proviso,

you say that "provided that where the translation referred to in the preceding proviso is in a language not in general use in any developed country, such application may be made after a period of one year from such publication." Why this concession only in respect of certain developed countries ?

I am afraid the term 'developed country' is not a static term, it is a dynamic term. You may adopt the U.N. definition, but that is not sufficient. For instance, the famous economist, Mr. W.W. Rostow gives five stages of economic growth. You may be developed today and you may not be developed tomorrow. So, instead of saying 'developed countries' you could say Great Britain, America, Russia or any other country. If you say 'developed countries', every time you will have to refer to the chart. I do not think this is correct.

15 hrs.

One more illogical thing that appears to me is this. On the same page, in the last but one paragraph there is a proviso which reads :

> "Provided that nothing in clause (ii) shall apply to the export by Government or any authority under the Government of copies of such translation in a language other than English, French or Spanish to any country if—
>
> (1) such copies are sent to citizens of India residing outside India or to any association of such citizens outside India ;"

When we come to export, we export. That is all. If you qualify it by saying that it will be sent "to citizens of India residing outside India or to any association of such citizens outside India", then anybody will form an association and corrupt practices will be indulged in. We do not say that we export only to citizens of India residing outside India and so on. I do not think it is correct.

Finally, it is the actual implementation of the legislation which is important. Whatever provisions there were under this Copyright Act were not implemented most sincerely. Therefore, whatever provisions are being made in this Bill, those provisions require efficient implementation. I would request the hon. Minister that when she rises to answer—I do not know whether she will like to answer because we speak for the sake of speaking ; even when genuine suggestions are made, I do not know whether these suggestions are accommodated at all—to the points we have raised, she must assure us that there will be proper implementation.

15.03 hrs.

[SHRI N.K. SHEJWALKAR *in the Chair*]

SHRIMATI SHEILA KAUL : Sir, I have listened to the speeches of the hon. Members with a great measure of attention and respect. A remarkable feature of the discussion has been that, while the hon. Members have made several valuable points, they have all welcomed the Copyright Amendment Bill. I am grateful to them for this expression of appreciation. I have had the opportunity of explaining that this Bill has a specific purpose in view. I am conscious, at the same time, of the fact that there is so much that needs to be covered by legislation. Let me assure the hon. Members that all the points they have raised will receive our utmost attention. I am glad that the basic purpose of the Bill has been appreciated. Though belated, the Bill, nevertheless, makes a significant breakthrugh in catching up with the provisions of the latest Paris Act, 1971. This was an imperative requirement and with this we correct certain distortions that could have otherwise crept in our administration of the Copyright law.

The point which I have urged earlier and which has received a wide measure of appreciation concerns the free flow of knowledge from one country to another. I may reiterate that the provision regarding compulsory licencing of foreign books is of far-reaching significance and it will help our country in not only keeping abreast of the latest knowledge but also expanding our frontiers of information and access to the latest that is being said and thought. I must immediately, at this juncture, allay an apprehension in the minds of some hon. Members ; let me clarify that the books to be brought under the compulsory licencing

system would only be those books which are not available in India at a reasonable price.

I would be the last person to say that the Bill comprehends all that the Copyright Bill should. A comprehensive legislation on the subject will naturally take into account post-1971 development. These, as Members have referred to, relate to widespead piracy in books, videos, tapes and phonographic compositions. These, as Members rightly pointed out, have become quite complicated issues in the context of sophistication of technology. We have under consideration a broad profile of legislation that would in due course of time, take care of it. But, as Members would kindly appreciate, this would take some time as any proposed legislation will have to look at not only global implications but a number of issues of the inter-Ministerial kind. I am conscious of the need to bring it about and suggestions made by Members from all sections of the House reinforce our resolve that it has to be done urgently.

Now, there are certain points which are common to all the Member's who have spoken. I would like to mention them separately, one by one. Shri Rup Chand Pal suggested that the present measure was inadequate because it did not protect the authors' rights and that the three year period for compulsory licensing was too long. I might, in this connection, mention that clause 19(a) of the Bill does look after the authors' rights as it gives for the first time an opportunity of a dispute being heard and decided in a summary manner. This is to be done in the Copy Right Board.

As regards three and one year limit stipulated under compulsory licensing, I would bring to the notice of the hon. Members the fact that this is based on the Paris enactment and that we have no options in this regard.

Shri Mool Chand Daga referred to the reasons for the delay in bringing up the Bill as also to the issue of widespread piracy of books and faulty translations, particularly, in regional languages. In this connection, I may mention that the Bill was delayed for various reasons. The Paris Act itself came into force in 1974, the proposed amendment based on these lines, was submitted to the Cabinet in 1976. From 1977 onwards, no substantial progress was made till in 1980 when it was taken up again in right earnest. Some of these delays are unavoidable as they involved a number of Departments and Ministries in discussion. The point of piracy as I had a chance of mentioning is general and is being looked into in terms of vast range of its many implications. Here I would like to add as to how, in my own home, in a room a picture was hung on the wall. Shri Rajnath Sonkar Shastri mentioned about my husband. I am grateful to him for bringing up the name of my late husband. You all know that he was a scientist and he was asked to find out water in the desert of Rajasthan. It was in the year 1948-49 that he discovered underground water resources in Jodhpur in Sundhara area where a big pump was erected with four engineers working on it, pumping out the waters. A photo was taken of my husband showing there with two engineers. After a lapse of 20 years, this photograph still decorates a wall in my house.

This was also put in a Science Magazine, saying that that gentleman, the scientist, had discovered this water and this was the picture of the people working at it. Sir, the work had been done by my husband. The picture was taken by us and the picture and everything is hanging in my room and this thing comes out in the magazine that this work was done by somebody else. So, my husband wrote a letter to the magazine editor and the magazine editor sent that letter to this scientist. The scientist writes to my husband and he says, "Professor Kaul, you are an internationally known figure. What if I share your glory ?" Now, this is the sort of piracy that takes place. So, we are also victims of this piracy.

AN HON. MEMBER : What was the further reaction ?

SHRIMATI SHEILA KAUL : When he says that he wants to shine in the glory of others what can you do ?

The question of faulty translation is itself covered under clause 32(4) proviso (d) which

